तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 अकारण गायब 8 रोजगार सहायकों को नोटिस




**खबर संक्षेप**

### पर्यवेक्षक व कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घटई में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र को लेकर प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। परियोजना कार्यालय द्वारा पर्यवेक्षक कुमारी अंजली सोनी, परिक्षेत्र कंजिया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घटई श्रीमती बसंती कुशवाहा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए दो दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली गुरूवार को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय विभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भू-अभिलेख, उद्यानिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, लोक सेवा केन्द्र, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, सांख्यिकी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आबकारी विभाग, एनआईसी कक्ष और आवक-जावक शाखा सहित अन्य विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग की उपस्थिति, कार्यालयीन व्यवस्था, नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### खरवत गेट से सोनहत मार्ग पर स्कॉर्पियों दुर्घटनाग्रस्त, विभाग बेखबर

# अंडरब्रिज के ऊपर सड़क पर गड्ढ़ा, हादसे की आशंका



अंडरब्रिज पर गड्ढ़े।

**बैकुंठपुर/कटगोड़ी।** जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी की दूरी पर स्थित खरवट गेट से सोनहत अंडरब्रिज के ऊपर की सड़क पर टर्निंग पॉइंट पर बने गहरे गड्ढ़े से हादसे की आशंका बढ़ गई है। कुछ दिन पूर्व इसी स्थान पर एक स्कॉर्पियों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, गाड़ी के चालक को मामूली चोट आई। स्थानीय लोगों के अनुसार अत्यधिक वर्षा के चलते गड्ढ़े में पानी भर गया है, जिससे इसकी गहराई और चौड़ाई लगातार बढ़ रही है। यह गड्ढ़ा रात के समय या तेज रफ्तार में वाहन चलाने पर गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। ब्रिज के अंदरूनी हिस्सों में भी कई छोटे-छोटे गड्ढ़े बन चुके हैं, जो धीरे-धीरे बड़े होते जा रहे हैं। यदि समय रहते विभाग ने मरम्मत कार्य नहीं कराया, तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से शीघ्र संज्ञान लेकर मरम्मत कार्य कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटना घटने से पहले हालात सुधारे जा सकें।

### कोटाडोल में सर्वाधिक वर्षा

एमसीबी जिले में मानसून अब भी सक्रिय है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 67.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 16 जुलाई शेष पेज 4 पर



### कटगोड़ी छात्रावास के रास्ते में कीचड़

जिले के आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जो कि पक्की सड़क से लगभग 1 किमी अंदर वार्ड क्रमांक 14 में स्थित है, वहां तक पहुंचने का रास्ता बरसात में दलदल में तब्दील हो गया है। यहां छात्रावास स्टाफ, बच्चे, बुजुर्ग और स्थानीय ग्रामीण अत्यधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। कीचड़ भरे कच्चे रास्ते से कई लोग बाइक से फिसलकर गिर चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क मरम्मत या पक्कीकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वार्ड क्रमांक 14 में ही पावर हाउस भी स्थित है, जिससे इस मार्ग का उपयोग आमजन द्वारा भी प्रतिदिन किया जाता है, लेकिन बरसात में हालत बद से बदतर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

### कठौतिया से केल्हारी जर्जर मार्ग का हो सुधार

**मनेन्द्रगढ़।** कृषि स्थायी समिति सभापति जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सुखमंती सिंह के द्वारा कठौतिया से केल्हारी, जनकपुर होकर माड़ीसरई, घुघरी मुख्य मार्ग सिंगल मार्ग की ओर ज्ञापन देकर शासन को सूचित कराया गया। इस बारे में सुखमंती सिंह ने कहा कि, कठौतिया से घुघरी तक सड़क किनारे दोनों तरफ की पटरी पूरी तरह से गड्ढ़ों और नालियों में बदल चुकी है। सैकड़ों जगहों पर ऐसे नालियां और गड्ढ़े हैं कि सामने से बड़ी गाड़ियां आ रही हैं तो छोटी गाड़ियों को साइड लेने में भारी दिक्कतें होती है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जान माल का खतरा होने की संभावना है। सुखमंती सिंह ने बताया कि, हमने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि, कठौतिया से केल्हारी होकर जनकपुर, माड़ीसरई, घुघरी तक पूरे मुख्य मार्ग पर क्रेशर जीरा गिट्टी से सड़क किनारे पटरी पर हुए गड्ढ़ों और नालियों को भराया जाए।





कार्रवाई करती रेल्वे की टीम।

## डबल लाइन परियोजना के लिए रेलवे ने चलाया बुलडोजर

**चरचा कॉलरी।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के आसपास चल रहे डबल लाइन निर्माण कार्य और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्यों के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने गुरूवार को ग्राम पंचायत खरवत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

■ खरवत में अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई

रेलवे स्टेशन से करीब 5 किमी दूर स्थित इस क्षेत्र में प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से अतिक्रमित ढांचों को हटाया। सुबह से ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की भारी तैनाती के बीच कार्रवाई की शुरूआत हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुनीता मिंज, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय समेत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। रेलवे द्वारा पहले से ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे। बताया गया कि जिन लोगों की दुकानें हटाई गईं, उन्हें पहले ही मुआवजा दिया शेष पेज 4 पर

## मनेन्द्रगढ़ में 26 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**मनेन्द्रगढ़।** शासन की प्राथमिकता में शामिल नगरीय विकास को लेकर मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लिए एक और खुशखबरी सामने आई है।

मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना, अधोसंरचना मद एवं सेंट्रल लाइटिंग मद अंतर्गत राज्य बजट से मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए कुल 25 करोड़ 99 लाख 82 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने चिरमिरी नगर क्षेत्र के लिए 25 करोड़ 99 लाख रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं की स्वीकृति से गौरव पथ सड़क, बाईपास सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था एवं सेंट्रल लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य अब धरातल पर उतरेंगे, जिससे चिरमिरी के समग्र विकास के संकल्प को नई गति प्राप्त होगी। यह स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत कार्यों में गोदरीपारा से डोमनहिल तक गौरवपथ निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 8 बड़ा ग्राउंड से सिद्धबाबा मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपए, प्रकाश व्यवस्था के लिए 20 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है। इसके साथ ही सांस्कृतिक मंच ग्राम पंचायत से आत्मानंद स्कूल मुख्य मार्ग, चित्ताझोर पोड़ी तक रिटेनिंग वॉल एवं फुटपाथ निर्माण के लिए 2 करोड़ रूपए, सोनामनी नाका से दीनदयाल चौक पोड़ी तक बायपास कोरिया होते हुए निर्माण के लिए 8 करोड़ 75 लाख 47 हजार रूपए, अन्य अतिरिक्त कार्यों के लिए 6 करोड़ 22 लाख 86 हजार रूपए, तथा सेंट्रल लाइटिंग सह री-डिंग जोन (250 सीटर्स) के लिए 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है।



इस प्रकार कुल मिलाकर चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र को 25.99 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं की सौगात प्राप्त हुई है।

## होटलों में घरेलू गैस का अवैध उपयोग

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले की जनकपुर नगर पंचायत में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया।

■ खाद्य एवं राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

इस दौरान घरेलू उपयोग के लिए आरक्षित 14.2 किलोग्राम के 24 नग एवं 3 किलोग्राम का 1 नग गैस सिलेण्डर जो आंशिक रूप से भरे अथवा खाली अवस्था में पाए गए, जिसे जब्त किया गया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार कुंवारपुर, खाद्य निरीक्षक भरतपुर, खाद्य निरीक्षक कोटाडोल एवं स्थानीय कोटवार के संयुक्त दल द्वारा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का व्यावसायिक उपयोग नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और आगे की कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की जाएगी। प्रशासन ने होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस का अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।






## खबर संक्षेप



### गुरू पूर्णिमा पर गुरूओं को संस्कार भारती ने किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** संस्कार भारती द्वारा गुरू पूर्णिमा पर गुरू पूजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में साहित्य गुरू बीडी लाल, शायर-ए-शहर यादव विकास जवाहिर राम, कृष्णाराम, शांति बाई और पार्वती बाई को संस्था के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष रंजीत सारथी, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कला धरोहर पुरातत्व विभाग संयोजक आनंद सिंह यादव, संस्कार मित्र व कवि मुकुंदलाल साहू, साहित्यकार मोहनलाल मयंक ने उनके निवास स्थान पर शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। साहित्यकार एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य ने सरगुजिहा रामाय, सीतायन, सरगुजा गीतों के गावाक्षों से, बात आम आदमी, ओ धृतराष्ट्र, श्रीकृष्ण चरित्र, भारत के लाल, गुलदस्ता गीत और गजल आदि कृतियों का सृजन किया है। उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। शायर-ए-शहर यादव विकास सरगुजा के प्रतिष्ठित गजलकार है तथा उनके तीन काव्य संकलन प्रकाशित है। सरईटिकरा निवासी जवाहर राम ने सरगुजिहा तीज-त्योहारों में गाए जाने वाले लोकगीतों को स्वरबद्ध किया तथा उन्हें जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। ग्राम गोर्रापारा की शांति बाई नई पीढ़ी को सुआ व बायर नृत्य गीतों में पारंगत कर रही है। रामपुर निवासी कृष्णाराम नृत्य-गीत में माहिर है। विगत दिनों नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में सरगुजिहा लोकगीत गायन में उन्हें प्रथम स्थान मिला था। गायक रामनारायण सिंह, तिवारी सिंह पैकरा और फलेन्द्र सिंह भी लोककला को आगे बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है। संस्कार भारती एवं मोर माटी के फूल लोककला मंच, जमगला के सदस्यों द्वारा बालक आश्रम जमगला प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का नपं अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**कुसमी।** नगर पंचायत अंतर्गत बस स्टैंड के समीप वार्ड क्रमांक 3 में 19 लाख 44 हजार की राशि से निविदा के माध्यम से बन रहे शॉपिंग



कॉम्प्लेक्स का नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत एवं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल की मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन पश्चात शिलान्यास किया गया। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा, पार्षद अंजू सिन्हा,उमेश्वर ओझा, लक्ष्मण पैकरा, संजय जायसवाल, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता , मो. शमीम, जावेद रहमानी, वेदांत भारती, पूर्णिमा सेमरिया, अरुण जायसवाल,मो. शकील, छत्रपति प्रजापति, मो. इम्तियाज खान, रघुनाथ सिंह भदौरिया, दीपिका सिंह, सिल्वानुस एक्का सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिपं सीईओ ने किया निर्माणाधीन सीएचसी भवन का निरीक्षण



**लखनपुर।** जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के साथ हमर क्लीनिक और निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। एनएच 130 किनारे स्थित हमर क्लीनिक व निर्माणाधीन सीएचसी भवन का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यो की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से हमर क्लीनिक को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी और ठेकेदार से चर्चा कर जल्द से जल्द पूरा करने निर्देशित किया। इस दौरान डॉ. स्वेच्छा सिंह,श्रीमती सी नागवंशी, साधना लकड़ा सहित सहित अन्य मौजूद थे।

### कांतिप्रकाशपुर में चोर गिरोह सक्रिय निर्माणाधीन भवन से पार कर रहे सामान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी विजेन्द्र चौधरी आ. शिव प्रसाद जो ग्राम पंचायत कांतिप्रकाशपुर का सचिव के पद पर पदस्थ है। सचिव विजेन्द्र चौधरी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम पंचायत अंतर्गत लुचकी घाट में निर्माणाधीन सेग्रीगेशन (कचरा) शेड़ से खिड़की, छत का शीट एवं पाईप तथा सामुदायिक शौचालय काली मंदिर के पास का बाहर का दरवाजा तोड़ अंदर 4 नग दरवाजा, नल का सामान एवं ग्राम पंचायत में निर्मित गौठान का शीट, पाईप, एवं हैंडपंप को चोरों ने पार कर दिया। सचिव के मुताबिक चोरों ने लगभग 1 लाख कीमत का सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

---

### जिले में हर रोज वाहन सहित अन्य घटनाओं में 10 से 12 घुमंतू डॉग होते हैं घायल

# बेजुबान डॉग्स शेल्टर में पांच साल के भीतर 11 हजार से अधिक घायल कुत्तों का उपचार





शल्टर में घूमंतु डॉग्स को भोजन देते टीम के सदस्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

शहर सहित आसपास क्षेत्रों में कुछ साल के भीतर ही सड़क दुर्घटना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ तो वाहन चालक की लापरवाही से जबकि अधिकांश सड़क दुर्घटना में आवारा मवेशियों व घुमंतू डॉग के कारण होती हैं। हालांकि घायल गाय, भैंस, बछड़े का उपचार गौ सेवा मंडल सहित गौशाला में की जाती है परंतु घुमंतू डॉग के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। पालतू डॉग का उपचार लोगों द्वारा कराई जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए घुमंतू डॉग उपचार के अभाव में सड़क पर ही दम तोड़ देते है। ऐसे में घुमंतू डॉग के घायल हो जाने पर उन्हें समय पर उपचार मिले इसे लेकर शहर के कुछ युवाओं ने न सिर्फ बीड़ा उठाया बल्कि पिछले पांच साल के भीतर ही घायल 11 हजार से अधिक घुमंतू डॉग का बेजुबान डॉग शेल्टर में उपचार किया गया।

**खास बात**

- शहर के कुछ युवा कर रहे शेल्टर का संचालन

#### आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने उपलब्ध कराई जगह

शहर के सुधांशु शर्मा, गजेन्द्र प्रताप सिंह, तरूण यादव, अमन ठाकुर, सूर्यकांत, आयुष सोनी, जयंत तिवारी, हर्ष सोनी की टीम ने लगभग 6 साल पूर्व जिले सहित आसपास क्षेत्र में डॉग का रेस्क्यू शुरू किया था। जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटना में घायल हो चुके बेजुबान डॉग को तत्काल उपचार मिल सके। लेकिन युवाओं के लिए घायल डॉग को सुरक्षित स्थान में रखने जगह नहीं थी। जिस पर टीम ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के भतीजे आदित्येश्वर शरण सिंहदेव मुलाकात कर समस्या बनाई। जिस पर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने सरगुजा पैलेस के बगल की खाली जगह उन्हें शेल्टर चलाने दी गई, जहां वर्तमान में 180 से अधिक घायल डॉग का इलाज किया जा रहा है।

#### सूचना मिलते ही पहुंच जाते है टीम के सदस्य

बेजुबान डॉग शेल्टर के सदस्यों को शहर सहित आसपास क्षेत्र से दिन हो या रात घायल डॉग की सूचना मोबाइल, सोशल मीडिया के माध्यम से जब मिलती है तो कोई न कोई सदस्य घायल डॉग की मदद के लिए तत्काल पहुंच जाते है। कई बार तो घायल डॉग का रेस्क्यू करने के दौरान डॉग के काटने से जख्मी हो जाते है। बावजूद इसके टीम के सदस्य हार नहीं मानते और किसी तरह घायल डॉग को शेल्टर में ले जाकर उपचार शुरू कर देते है।

#### बरसात में अधिक होते है घायल

बरसात के मौसम में घुमंतू डॉग अधिक घायल होते है। इस मौसम में झुंड़ में होने के कारण आपस में ही घुमंतू डॉग एक दूसरे पर हमला कर घायल कर देते है। ऐसे में घायल घुमंतू डॉग के जख्म पर संक्रमण फैल जाते है। समय पर उपचार नहीं होने से कई डॉक की मौत हो जाती है। इस प्रकार की घटना की सूचना मिलते ही बेजुबान डॉग शेल्टर के सदस्य घायल डॉक का रेस्क्यू कर शेल्टर में ले जाकर इलाज करते है। शेल्टर के सदस्यों ने बताया कि बरसात के मौसम में हर रोज किसी ने किसी क्षेत्र से घुमंतू डॉग के घायल होने की सूचना मिलती है।

शहर में बधियाकरण की योजना ठंडे बस्ते में चले जाने के कारण कुछ साल के भीतर ही शहर में घुमंतू डॉग की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसी तरह शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी घुमंतू डॉग की संख्या बढ़ी है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में घुमंतू डॉक को ग्रामीण पालते है लेकिन शहर में ऐसा नहीं होता। ऐसे में घुमंतू डॉग शहर के प्रायः सभी क्षेत्रों में झुंड़ में देखे जा सकते है। गाय, भैंस की तरह भी घुमंतू डॉग आए दिन वाहन की चपेट में आ जाते है और लोग घुमंतू डॉग को घायल अवस्था में देख किसी प्रकार की मदद नहीं करते जिससे डॉग की मौत हो जाती है। घुमंतू डॉग तथा छोड़े गए पालतू डॉग के किसी कारण से घायल हो जाते है और उनकी मौत न हो इसे ध्यान में रखकर शहर के युवा सुधांशु शर्मा, गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य युवक घायल डॉग को तत्काल उपचार मिल सके इसके लिए बेजुबान डॉग शेल्टर की स्थापना की। संस्था के सुधांशु शर्मा व गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बेजुबान डॉग शेल्टर के पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन पांच वर्षो में बेजुबान डॉग शेल्टर के सदस्यों द्वारा 11 हजार से अधिक डॉग का रेस्क्यू किया है, उन्हें पूरी तरह से ठीक करने के पश्चात कई डॉग को पालने वाले इच्छुक लोग अपने साथ ले जाते हैं जबकि कई डॉग शेल्टर में ही रहते हैं। वर्तमान में शेल्टर में लगभग 180 से अधिक घुमंतू डॉग है जिसे शेल्टर में ही भोजन पानी की व्यवस्था की जाती है।

---



## खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा में हुआ अस्मिता फुटबॉल लीग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा में अस्मिता सिटी लीग का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उदेश्य महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कराना व महिलाओं को प्रेरित कर उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है।

- शिवनगर की टीम बनी विजेता

उक्त आयोजन में शिवपुर, उमेश्वरपुर, खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा,खेलों इंडिया सेंटर अम्बिकापुर एवं कोरिया अमझर की कुल 5 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता के रूप में शिवनगर, उपविजेता खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा एवं तृतीय स्थान खेलो इंडिया सेंटर अम्बिकापुर का रहा।आयोजन में अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर सुनील अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी आरती पाण्डेय एवं सरपंच प्रतिनिधि सुन्दर दास, उपसरपंच संजय राजवाड़े, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रजापति के हाथों विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन आलम राजवाडे एवं सीमांचल त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ सूरजपुर सचिव राम बहादुर लामा, श्रीराम राजवाड़े, रूपनारायण, मानसाय, चन्द्रकुमार भुवन रजक, हरीश राजवाडे, अनुराधे, महेन्द्र सिंह, प्रकाश गुप्ता व अन्य उपस्थित थे। रेफरी के रूप में रावेन्द्र वर्मा, अनमोल तिग्गा व रोहित रावत सक्रिय रहे।

### पिछड़ा वर्ग सलाहकार समिति के नवनियुक्त सदस्य को किया गया सम्मानित

**बलरामपुर।** भाजपा कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग सलाहकार समिति के मनोनीत सदस्य ललन यादव का सांसद चिंतामणि महाराज व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल केने स्वागत किया। नवनियुक्त सदस्य ललन यादव ने जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को साल भेंट कर संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त नगर पालिका बलरामपुर विधायक प्रतिनिधि मुकेश गुप्ता एवं रामानुजगंज विधायक प्रतिनिधि शैलेश गुप्ता का भी स्वागत किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, वरिष्ठ नेता अरुण केशरी, गिरजानंद पाठक, नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष लोधी राम एक्का, भानु दिलीप सोनी, जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव, पूर्व मंडल महामंत्री इरफान अंसारी, मंडल महामंत्री सिद्धांत यादव, कृपाशंकर गुप्ता, अरविंद यादव, अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मौजूद थे।



---

## कुंजनगर स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए एसडीओपी, बच्चों को किया प्रोत्साहित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंजनगर में शाला प्रवेश उत्सव मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया । आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक पैकरा व नव पदस्थ थाना जयनगर के प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, सब इंस्पेक्टर सोहन सिंह, एएसआई मनोज द्विवेदी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा अतिथियों को तिलक और बैच लगाया तत्पश्चात स्वागत गान व स्वागत नृत्य द्वारा अभिवादन किया गया।अतिथियों द्वारा कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक देकर, मुंह मीठा करा शाला प्रवेश कराया गया। विद्यालय परिवार व संस्था प्रमुख पार्वती सारुता द्वारा आर्यभट्ट गणित क्लब व मुस्कान पुस्तकालय का मुख्य अतिथियों द्वारा अनावरण व अवलोकन कराया गया। अतिथियों द्वारा सीमित जगह में बेहतर प्रयास करने की विद्यालय स्टॉफ की प्रशंसा की गई।यहाँ पर विद्यालय शिक्षिका लक्ष्मी सिंह राठौर के प्रयास से पुलिस विभाग शाला प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज कराया गया जिसमें स्वल्पाहार एवं पेयजल सभी बच्चों को वितरित किया गया।संकुल प्राचार्य की उपस्तिथि मे शाला प्रबंध व विकास समिति व बाल कैबिनेट के सदस्यों का अपने कर्तव्यों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के लिए शाला परिवार द्वारा शपथ दिलाई गई,आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन संपन्न हुआ।



## कोटेया स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव, न्योता भोज एवं विदाई कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना**

पूर्व माध्यमिक शाला कोटेया में शाला प्रवेश उत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज कराया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक राजपाल सिंह ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने शाला प्रवेश उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उज्वल भविष्य की कामना की।

नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण, मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक राजपाल सिंह ने अपने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साक्षा करते हुए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मनोज सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय कोटेया ने कविता ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक बृजेन्द्र भारती ने विदाई गीत एवं शिक्षिका सृष्टि रानी ने अपने विचार अभिव्यक्त किया। शिक्षक- शिक्षिकाओं ने राजपाल सिंह को शाल, श्रीफल, डायरी, पेन, वस्त्र एवं विद्यालयीन गतिविधियों की फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया। सेवा समिति सलका के सदस्य आशीष गुप्ता, फिरोज खान, राजेश गुप्ता, ज्ञानप्रकाश दुबे द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामीणों ने न्योता भोज का आनंद लिया। इस दौरान मनोज सिंह, बृजेन्द्र भारती, राधेश्याम सिंह, अंजू मार्को, सृष्टि रानी शाण्डिल्य, पुष्पा सिंह रीता गिरी,लालचंद सिंह पैंकरा, चंद्रपाल कुशवाहा, सुनील चक्रधारी, पंकज गुप्ता, राजेश एक्का, प्रदीप पैंकरा, सूरज सिंह, राजेश अग्रवाल, कलेश्वर सिंह, सुशील कुशवाहा, मुनेश्वर राजवाड़े ,शिक्षिका कुसुम राजवाड़े,देवंती गुप्ता, सहित अन्य उपस्थित थे।

### शासकीय उमा विद्यालय सिलफिली मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने बच्चों को निशुल्क किताब वितरण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रभा बड़ा व आभार प्रदर्शन सत्यम बालाजी ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सदस्य सूरज कुशवाहा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनमथ बाछाड़, सिलफिली सरपंच श्रीमती अर्चना अगरिया, पंच विमला अगरिया, ममता अगरिया व अभिभावक तथा संस्था प्रमुख श्रीमती विनिता यादव, शैलेष कुमार सोनी, सत्यम बालाजी, श्रीमती अंजना डे, श्रीमती रंजीता मजूमदार, संदीप केरकेट्टा, श्रीमती निर्मला ज्योति बड़ा, श्रीमती पुष्पा सिंह, पास्कल एक्का व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा कराकर कराया गया शाला प्रवेश

**करवां।** शासकीय आजाक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल परिसर में रंग-बिरंगे गुब्बारों, मिठाइयों और तालियों की गूंज के बीच नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच ललन सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सीता जायसवाल, उपसरपंच प्रीति जायसवाल, समाजसेवी मानिक चंद्र कुशवाहा व विनोद कुशवाहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा दो पालक बाबूलाल व दिगम्बर शर्मा का विशेष सम्मान किया गया। संस्था प्रमुख सतीश कुमार भारद्वाज ने विद्यालय में संचालित नवाचार, आधुनिक शिक्षण विधियां, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि सरपंच निरूपा सिंह ने कहा कि पढ़ाई ही जीवन का सबसे सशक्त आधार है। अनुशासन से ही जीवन में सफलता सुनिश्चित होती है। बच्चों को हर दिन विद्यालय भेजें और घर में भी पढ़ाई का माहौल बनाएं। उन्होंने छात्रों से एक पौधा अपनी मां के नाम रोपित कर उसकी सेवा का संकल्प लेने की बात कही। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## तीन दिवसीय शिविर में उत्साह के साथ शामिल हुए बच्चे एवं शिक्षक




**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालयमें चतुर्थ चरण हीरक पंख प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर संपन्न हुआ। तीन दिवसीय शिविर में अम्बिकापुर संकुल अंतर्गत आने वाले केवि झगराखण्ड, केवि मनेन्द्रगढ़, केवि बैकुंठपुर, केवि अम्बिकापुर तथा केवि जशपुर 59 कब्स एवं 50 बुलबुल, उनके अनुरक्षक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं परीक्षण दल उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

- विभिन्न गतिविधियों से बच्चों के सर्वागीण विकास पर दिया जोर

शिविर का शुभारंभ स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल तथा लेडी बेडेन पावेल के छायाचित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद, शिविर नायक एवं नायिका ने संपन्न किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्रवेश, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण तथा कोमल, रजत, स्वर्ण एवं हीरक पंख बुलबुल से संबंधित प्रशिक्षण एवं परीक्षण गतिविधियों में सम्मिलित किया गया। योग अभ्यास, बीपी सिक्स, डेन निरीक्षण, प्रथम उपचार, व्यक्तिगत स्वच्छता, सेंस ट्रेनिंग, लोक भेंट कार्यक्रम, चित्रकला, कहानी लेखन, समूह गीत-नृत्य जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों खुले सत्र में अपने अनुभव साझा किए। बच्चों तथा अनुरक्षक शिक्षकों ने विद्यालय प्रबन्ध द्वारा कार्यक्रम के बेहतर तथा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की प्रशंसा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने जो कुछ सीखा है, वह उनके विद्यालय जीवन एवं व्यक्तिगत जीवन दोनों में उपयोगी सिद्ध होगा।

इस दौरान शिविर नायक अमित कुमार होता,शिविर नायिका श्रीमती कनकलता सिदार, जिबिनस लकड़ा, डब्लू बी सौरंग, डीके लहरे, प्रेरणा प्रधान, करिश्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मूसलाधार बारिश से लुरगी रामचंद्रपुर मुख्य मार्ग अवरुद्ध

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज**

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रामानुजगंज लूरगी से सनाावल मुख्य मार्ग रामचंद्रपुर के पीछे कलिकापुर कुरसा नदी में का पानी पुल के ऊपर आ गया जिससे दोनों ओर सुबह 8.30 बजे से आगमन अवरुद्ध हो गया। दोनों ओर घण्टो आवागमन अवरुद्ध रहा।

गौरतलब है कि रामानुजगंज लूरगी रामचंद्रपुर सनावल मुख्य मार्ग में बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आना जाना करते हैं। रामचंद्रपुर में विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित है। यह मुख्य मार्ग है जहां आज सुबह 8.30 बजे से कुरसा नदी पुलिया के ऊपर से पानी जाने लगा जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। पुलिया के दोनों और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हैं जो पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं। कई स्कूलों में शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके वहीं रामचंद्रपुर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी आज कार्यालय में समय पर नहीं जा पाए। घंटों आवागमन अवरुद्ध रहा।



#### 40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी करना पड़ा तय

पुलिया के ऊपर से पानी जाने के कारण सनावल रामचंद्रपुर क्षेत्र के लोगों को रामानुजगंज जिन्हें आना अति आवश्यक है उन्हें 40 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करके आना पड़ रहा है।

#### एनीकट के कारण सड़क पर जाता है पानी

जल संसाधन विभाग द्वारा बिना सूझबूझ के लोक निर्माण विभाग के सड़क के नजदीक कुरसा नदी में एनीकट का निर्माण कर दिया गया है। ऐसे में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार की समस्या बरसात के समय निर्मित हो जाती है। जब भी मूसलाधार बारिश होती है तो पानी सड़क पर पहुंच जाता है।




# वॉर 2 का नया पोस्टर जारी, ऋतिक एनटीआर के बीच जबरदस्त टक्कर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वॉर 2 का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में फिल्म के तीनों लीड एक्टर्स ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के किरदार के बीच जबरदस्त टक्कर की झलक है। इस पोस्टर पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। वॉर 2 के पोस्टर में ऋतिक हाथों में तलवार लिए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर एनटीआर भी गुस्से में हैं। वहीं, कियारा आडवाणी हाथ में बंदूक लिए दिख रही हैं। साथ ही पोस्टर में नीचे ऋतिक और जूनियर एनटीआर बोट पर एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। ऋतिक को अपनी एक्शन इमेज के लिए बॉलीवुड में जाना जाता है।

लाइफ Style

# कैटरीना

## बॉलीवुड को दिए बेहतरीन आइटम नंबर



अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड को टाइगर 3, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान, फितूर, धूम 3, जब तक है जान, दे दना दन और अजब प्रेम की गजब कहानी जैसी फिल्में दी हैं। उन्होंने कई फिल्मों के आइटम नंबर में बेहतरीन डांस किया है। साल 2013 में आमिर खान की फिल्म धूम 3 रिलीज हुई थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म में कैटरीना कैफ ने 'कमली कमली' गाने पर बेहतरीन डांस किया। इस गाने में उनके एनर्जेटिक डांस को देखकर उनके फैंस हैरान रह गए। इस गाने को सुनिधि चौहान ने आवाज दी। इसका म्यूजिक प्रीतम ने दिया था जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा था। साल 2010 में अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म 'तीस मार खान' रिलीज हुई। इस फिल्म का गाना 'शीला की जवानी' बहुत मशहूर हुआ। यह हर शादी और दूसरे समारोहों में खूब बजाया गया। इस गाने को विशाल ददलानी और सुनिधि चौहान ने गाया था। इसके बोल विशाल ददलानी ने ही लिखे थे। इस गाने को विशाल शेखर ने म्यूजिक दी थी। कैटरीना कैफ का गाना 'काला चश्मा' आज भी लगभग हर पार्टी और फंक्शन में बजता है। गाने पर कैटरीना कैफ ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जबरदस्त डांस किया था। इस गाने के स्टेप को भी खूब कॉपी किया गया। यह गाना फिल्म 'बार बार देखो' का है। इस गाने को अमर अर्शी, बादशाह और नेहा कक्कड़ ने आवाज दी है। इस गाने को अमरीक सिंह और कुमार ने म्यूजिक दी थी। साल 2008 में आई फिल्म 'रेस' में 'जरा जरा टच मी' गाना था। इस गाने को युवा लोगों ने खूब पसंद किया।

## हॉलीवुड मसाला



# मंगेतर बेनी की दुल्हन बनेंगी सेलेना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज और म्यूजिक प्रोड्यूसर बेनी ब्लैंको ने आखिरकार अपनी शादी की तारीख तय कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये स्टार कपल सितंबर 2025 में कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में शादी करने जा रहा है। खास बात ये है कि ये शादी के पूरे रिति-रिवाजों को दो दिन में पूरा किया जाएगा और इसमें इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरे शामिल होने वाले हैं। पिछले कुछ महीनों से ये कपल अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बना हुआ है।




# 2009 से अमेरिकन आइडल से जुड़ी थीं रॉबिन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर रियलटी शो अमेरिकन आइडल की सुपरवाइजर रॉबिन केय और उनके संगीतकार पति टॉम डेलुका लॉस एंजिल्स के अपने घर में मृत पाए गए। दोनों के शव तब मिले जब उनके घर पर वेलफेयर चेकिंग के लिए अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने वहां पर गोली लगने से घायल हुए एक महिला और पुरुष के शव देखे। बाद में उनकी पहचान रॉबिन केय और उनके पति टॉम डेलुका के रूप में हुई। अमेरिकन आइडल के प्रवक्ता ने अपने एक बयान में कहा कि रॉबिन 2009 से आइडल परिवार की आधारशिला रही हैं और उनके संपर्क में आने वाले सभी लोग उन्हें प्यार और सम्मान देते थे। वो हमेशा हम सभी के लिए खास रहेंगी।



# सच्ची घटना पर फिल्म करना आसान नहीं

**मुंबई।** मोहब्बतें फेम अभिनेत्री प्रीति झांगियानी को आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म तावड़ो में देखा गया था। अब वे फिल्म उदयपुर फाइल्स में पत्रकार अंजना सिंह की भूमिका निभा रही हैं। सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म इन दिनों चर्चा में है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार काम कर रही थी। फिल्में न सही, लेकिन ऐड फिल्म्स, शोज और कई प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हुई थी। बात करूं इस फिल्म की तो ये एक सच्ची घटना पर बनी है और मुझे हमेशा से ऐसी कहानियां पसंद हैं जो असल जिंदगी से जुड़ी हों। जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो बिना देर किए तुरंत हां कर दी। इस तरह की कहानी पर काम करना किसी भी कलाकार के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। ये सिर्फ एक किरदार निभाने की बात नहीं होती। ये एक असल इंसान का दर्द और उसकी तकलीफ को पर्दे पर लाने की जिम्मेदारी होती है।



# हमेशा के लिए बदल गई हमारी दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड के लवली कपल में शामिल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के घर नन्ही परी आई है। कपल ने अब एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद फैंस दोनों को बधाइयां दे रहे हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के बेटी होने की खबर मंगलवार रात सामने आई थी। अब बुधवार कपल ने खुद इस बात की जानकारी दी है कि वो एक प्यारी सी बेटी के पैरेंट्स बन गए हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में लिखा है, हमारे दिल खुशियों से भरे हैं और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी की प्राप्ति हुई है। पोस्ट में नीचे सिद्धार्थ और कियारा के नाम लिखे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सिद्धार्थ ने सिर्फ दिल, नजर और हाथ जोड़े वाले इमोजी का इस्तेमाल किया है।

## टीवी मसाला



# सुम्बुल तौकीर का तेज दिमाग देख बिग बी भी रह गए दंग

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉप्युलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' अमिताभ बच्चन के साथ जल्द आने वाला है। इसकी रिलीज डेट तो कुछ समय पहले ही आई थी। लेकिन, अब एक नया प्रोमो आया है, जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है। क्योंकि, इसमें सुम्बुल तौकीर खान हैं और इसे अभिषेक बच्चन ने बहुत ही अलग अंदाज में शेयर किया कि हर किसी को बिग बी की 'अग्निपथ' याद आ गई। 'कौन बनेगा करोड़पती सीजन 17' अगले महीने की 11 अगस्त से रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा अभिषेक बच्चन ने यहां अमिताभ बच्चन के उस एक्सेंट में अपॉइंटमेंट लिखा है, जो उन्होंने 'अग्निपथ' में इस्तेमाल किया था। इसके अलावा, प्रोमो में सुम्बुल तौकीर खान एक रेस्टोरेंट की मैनेजर के रूप में दिख रही हैं, जो कुछ नौजवानों को मंचूरियन की उत्पत्ति के बारे में बता रहे हैं। और ये देख अमिताभ बच्चन इम्प्रेस हो जाते हैं। वह टशन में वहां से गुजर जाती हैं। इस प्रोमो में बेनहाफशा भी दिखाई दे रही हैं, जो सुम्बुल के किरदार का मजाक उड़ाती हैं। अब थोड़ी ज्ञान की बात। सुम्बुल तौकीर ने जैसा प्रोमो में बताया कि चाइनीज मंचूरियन शेफ नेल्सन वॉन्ग ने 1975 में इंडिया, यहीं मुंबई में इन्वेंट किया था। अब ये सुनकर अमिताभ बच्चन बोलते हैं, 'जहां अकड़ है। वहां अक्ल है।' अब इस लाइन पर लोगों का दिल झूम उठा। यूजर्स ने इसे केबीसी का अब तक का सबसे बेस्ट एड बताया है।

## आशी का हुआ कास्टिंग काउच से सामना

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस आशी सिंह इस वक्त शब्बी अहलूवालिया के साथ 'उफ्फ... ये दिल है मुश्किल' में नजर आ रही हैं। इसके अलावा, वह मुनव्वर फारूकी की सीरीज 'फर्स्ट कॉपी' में भी आफरीन के किरदार में



दिखाई दी थीं। वह अपने अभिनय से किसी भी रोल में चार चांद लगा देती हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए उनको काफी मेहनत करनी पड़ी। बहुत कुछ झेलना पड़ा। इसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू में किया। बताया कैसे उन्होंने कास्टिंक काउच का सामना किया। उन्होंने बताया, 'शुरुआत में मैं ऑडिशन देने जाती थी। मुझे याद है मेरे साथ ऐसा दो-तीन बार हुआ था। लोग मुझे रोल ऑफर करते थे और उसके बदले कुछ करने के लिए कहते थे। कोई था जो चाहता था कि मैं घर पर बैठी रहूं और उसके किसी प्रोजेक्ट के आने का इंतजार करूं। वो मुझमें इन्वेस्ट करना चाहता था। मैं समझ गई थी कि वह किसी और ही दिशा में जा रहा है।' आशी सिंह ने आगे बताया, 'कोई और था, जिसने मुझे पांच लड़कियों में से चुना। उसने मुझसे कहा कि मैं प्रोड्यूसर से अकेले कमरे में मिलूं।

# फरहीन को कहते थे छोटी माधुरी



**नई दिल्ली।** फरहीन खान ने रोनित रॉय के साथ साल 1992 में कल्ट हिट फिल्म 'जान तेरे नाम' से धूम मचाया था। वो रातोंरात फेमस हो गई थी। अपनी प्यारी सी मुस्कान और डांस मूव्स ने उन्हें बॉलीवुड में जगह बनाने में कामयाब कर दिया था। फैंस उन्हें माधुरी की हमशक्ल कहते थे। कई लोग उन्हें 'छोटी माधुरी' बुलाते थे। उनकी पहली ही फिल्म उस दशक की रोमांटिक फिल्मों में से एक बन गई। आज भी इसके गाने लोग याद करते हैं। एक तरफ फरहीन का करियर चरम पर था तो दूसरी तरफ उन्होंने जिंदगी बदल देने वाला बड़ा फैसला लिया। उन्होंने एक हिंदू क्रिकेटर से शादी कर ली। इनका नाम था मनोज प्रभाकर। मनोज का अपने पिछले रिश्ते से एक बच्चा भी था। ऐसे दौर में जब माधुरी, दिव्या भारती, काजोल, करिश्मा कपूर और रवीना टंडन पर्दे पर छाई हुई थीं, फरहीन ने चुपचाप फिल्म जगत से किनारा कर लिया। सिर्फ पांच सालों में उन्होंने 17 फिल्मों में काम किया और फिर अपनी फैमिली लाइफ पर फोकस करने के लिए पूरी तरह से फिल्मों से दूर हो गईं। फरहीन ने हिंदी के अलावा कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी काम किया था। साउथ इंडियन फिल्मों में उन्हें 'बिंदिया' के नाम से क्रेडिट दिया गया। फरहीन और मनोज के दो बेटे हैं। इनका नाम राहिल और मानवांश है। फरहीन और मनोज दोनों ही लाइमलाइट से दूर दिल्ली में रहते हैं। मनोज का पहली वाइफ से हुआ बेटा रोहन और उसकी वाइफ भी उनके साथ ही रहते हैं।

# सेवरेंस सीरीज ने झटके 27 नॉमिनेशन द स्टूडियो और एडोलसेंस की भी धूम

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान हो गया है। इस लिस्ट में सेवरेंस सीजन 2 को जहां 27 नॉमिनेशन मिले हैं, वहीं द स्टूडियो' को 23 नामांकन मिले हैं। बीते दिनों पॉपुलर रही एडोलसेंस को भी 13 नॉमिनेशन मिले हैं। बीते कुछ साल में वेब सीरीज और ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों का बोलबाला बढ़ा है। सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्मों से ज्यादा टीवी सीरीज की चर्चा अधिक रहती है। जिस तरह फिल्मों के लिए ऑस्कर अवॉर्ड अहम है, उसी तरह ग्लोबल लेवल पर छोटे पर्दे के सबसे बेहतरीन शोज और फिल्मों में एमी अवॉर्ड का जलवा रहता है। मंगलवार को एमी अवॉर्ड्स 2025 के लिए नॉमिनेशंस में सेवरेंस और द स्टूडियो' की चर्चा सबसे अधिक रही है।

## एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान



### 'द पेंगुइन को 24 नॉमिनेशन

द स्टूडियो के को-क्रिएटर सेठ रोजेन को अकेले तीन नॉमिनेशन मिले हैं। इनमें एक्टिंग, राइटिंग और डायरेक्शन तीनों शामिल हैं। बैटमैन यूनिवर्स से एचबीओ के डार्क ड्रामा 'द पेंगुइन' को भी लिमिटेड सीरीज में आश्चर्यजनक रूप से 24 नॉमिनेशन मिले हैं, इसमें लीड रोल के लिए कॉलिन फैरेल और क्रिस्टिन मिलियोटी को भी नामांकन मिला है।

### किन भारतीयों को मिला है ये पुरस्कार

एमी अवॉर्ड को आमतौर पर 'एमी' कहा जाता है। यह वैश्विक मंच पर टेलीविजन इंडस्ट्री का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। एमी अवॉर्ड, जहां अमेरिका में प्रसारित होने वाले शोज को दिया जाता है, वहीं एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड अमेरिका से बाहर देशों में बने शोज को दिया जाता है। सबसे पहला एमी अवॉर्ड 1948 में दिया गया था। तब 25 जनवरी, 1949 को हुए समारोह में 6 पुरस्कार दिए गए थे। साल 2023 में एकता कपूर एमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उसी साल वीर दास को भी उनके कॉमेडी स्पेशल वीर दासः लैंडिंग के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड दिया गया।

## नितेश तिवारी की रामायणम फिल्म पर खर्च हो रहे हैं 4000 करोड़

# 38 साल पहले रामानंद सागर ने 7 करोड़ में ही देसी जुगाड़ से बनाया था शो

*नई दिल्ली। नितेश तिवारी की 'रामायणम' 4000 करोड़ में बन रही है और इसके वीएफएक्स पर भी करोड़ों रुपए लगाए गए हैं, पर रामानंद सागर ने 38 साल पहले ऐसी-ऐसी तरकीबें लगाकर जुगाड़ से 7 करोड़ में 'रामायण बना डाली थी कि सब हैरान रह गए। इसने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' की चर्चा शुरू हुई, तभी से रामानंद सागर की 'रामायण' की भी चर्चा होने लगी। रामानंद सागर की 'रामायण' 38 साल पहले बनी थी, और आज भी इसे फिल्म और टीवी की दुनिया में इस पौराणिक महाकाव्य पर बनी फिल्मों और शोज के लिए बेंचमार्क माना जाता है। भगवान राम, सीता और रावण की गाथा पर अब तक कई फिल्में और सीरियल बने, पर वो रामानंद सागर की 'रामायण' को छू भी न सके। करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद वह 'रामायण' के आसपास भी नहीं पहुंचे, जिसे रामानंद सागर ने करीब चार दशक पहले जुगाड़ से शूट किया था। अब जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' का टीजर आया है, तो एक बार फिर रामानंद सागर की 'रामायण' सुर्खियों में है। 'रामायणम' के स्पेशल इफेक्ट्स और बीजीएम की खूब तारीफ हो रही है। 4000 करोड़ के मेगा बजट वाली इस फिल्म के वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स 8 ऑस्कर जीत चुके नमित मल्होत्रा की कंपनी प्राइम फोकस लिमिटेड तैयार कर रही है, जो 'ड्यून', 'स्टार वॉर्स', 'इंसेप्शन' और 'इंटरस्टेलर' जैसी हॉलीवुड फिल्मों का वीएफएक्स तैयार कर चुकी है। लेकिन, यहां हम आपको बता रहे हैं कि रामानंद सागर ने बिना किसी तकनीक और वीएफएक्स के कैसे 'रामायण' बनाई थी।*

### सीडीआई और वीएफएक्स तक नहीं थी पहुंच

80 के दशक में जिस वक्त सीजीआई और वीएफएक्स की तकनीक तक इतनी पहुंच नहीं थी, तब रामानंद सागर ने जुगाड़ से भारतीय टेलीविजन के इतिहास का सबसे सफल और रिकॉर्ड ब्रेकिंग सीरियल बनाया था। 'रामायण' में 78 एपिसोड थे। हर एपिसोड को बनाने में 9 लाख रुपए खर्च हुए थे। इस हिसाब से 'रामायण' 7 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई थी। इसे पहली बार दूरदर्शन पर साल 1987 में टेलिकास्ट किया गया था।

### रामायणम में तगड़ा वीएफएक्स

वहीं, रामायणम को तीन पाट्र्स में रिलीज किया जाएगा। इन तीनों पाट्र्स को बनाने में 4000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स होंगे। इसके वीएफएक्स नमित मल्होत्रा की कंपनी डिजाइन कर रही है। नमित 8 बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके हैं।



### मोटे पाइप से मोड़कर बनाई थी हनुमान जी की पूंछ

वहीं, हनुमान जी की पूंछ को बड़ा दिखाने के लिए भी जुगाड़ लगाया गया। रबड़ का एक लंबा और मोटा पाइप मंगाकर उसे मोल्ड करके पूंछ बनाई गई। फिर कैमरे की मदद से उसे छोटा और बड़ा दिखाया जाता था।

### असल में 4 फुट का था रावण का महल

अब तो वीएफएक्स के जरिए 'रामायणम' में लंका पति रावण का महल भी खूब आलीशान दिखाया जाएगा, पर रामानंद सागर ने रावण के महल के लिए दिवंगत आर्ट डायरेक्टर हीराभाई पटेल की मदद ली थी। उनके बेटे विपिन पटेल ने 'मेन्स एक्सपी' को एक बार बताया था कि रावण का महल मिनिएचर बनाया गया था। यह सिर्फ 4 फीट ऊंचा था, पर उसे ट्रिक फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से छोटा-बड़ा दिखाया जाता था।

***ऐसे उड़ाया था जटायु :*** 'रामायण' में जटायु को उड़ाए जाने वाले सीन में भी खूब जुगाड़ लगाया गया था, जिसका खुलासा सुनील लहरी ने एक वीडियो में किया था। उन्होंने बताया था कि जटायु का रोल करने वाले एक्टर के हाथ पहले उसके भारी कॉस्ट्यूम पर बांध दिए जाते थे, ताकि वह पंखों को हिला सके। फिर उसे एक हुक की मदद से उड़ाया जाता था।

### तीर टकराने के लिए इस्तेमाल की थी ये तरकीब

रामायण में रामानंद सागर ने युद्ध वाले सीन में तीर और अस्त्रों के टकराव और उससे पैदा होने वाले स्पेशल इफेक्ट्स के लिए जो ट्रिक अपनाई थी, वो हैरान कर देगी। रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर ने बताया था कि जिस समय 'रामायण' बन रहा था, एक नई मशीन सीईजी 2000 लॉन्च हुई थी। उसी की मदद से तीर-कमान वाले स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए गए थे। तीरों के टकराने पर जो रोशनी निकलती, उसके लिए शीशे की मैटिंग और मैकेनिकल इफेक्ट का इस्तेमाल किया गया था।

### अगरबत्ती और धूप से बनाया धुआं, तो रुई से बादल

प्रेम सागर ने बताया था कि उस वक्त कोई स्पेशल कंप्यूटर नहीं थे, जिनसे स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए जा सकें। प्रेम सागर के मुताबिक, रात में शूट करते वक्त बादल बनाने के लिए उन्होंने रुई का इस्तेमाल किया था। रुई को बादल की शेप देकर कैमरे पर चिपका दिया जाता और फिर शूट किया जाता। वहीं, अगरबत्ती के धुएं से उन्होंने कोहरा बनाया था।

## खबर संक्षेप

### 16.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 16.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र अनूपपुर में 2.4, कोतमा में 21, बिजुरी में 31.6, जैतहरी में 13, वेंकटनगर में 6.4, पुष्पराजगढ़ में 28.4, अमरकंटक में 6 तथा बेनीबारी में 25.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### व्यापम परीक्षाओं के नियमों में सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अब नकल रोकने के लिए कड़े सुरक्षा प्रावधान लागू किए गए हैं। यह निर्णय हाल ही में बिलासपुर के एक परीक्षा केन्द्र में पीडब्ल्यूडी सब-इंजीनियर भर्ती परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल का मामला सामने आने के पश्चात लिया गया है। व्यापम परीक्षाओं के जिला समन्वयक डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती प्राचार्य शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, जिला-एमसीबी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी व्यापम परीक्षाओं में नीट, जेईई एवं यूपीएससी परीक्षाओं की तर्ज पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बन सके। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के तहत परीक्षार्थियों को अब केवल हल्के रंग के आधी बाँह के कपड़े पहनने की अनुमति होगी। फुटवियर में केवल चप्पल ही मान्य होंगे, जूते पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कान में किसी भी प्रकार की ज्वेलरी ईयररिंग्स आदि पहनकर आना पूर्णतः वर्जित रहेगा। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि अब परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पहले ही मेन गेट बंद कर दिया जाएगा। उदाहरण स्वरूप, यदि परीक्षा का समय प्रातः 10.00 बजे है, तो 9.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा, जिससे उनकी आवश्यक जांच (फ्रिस्किंग) की जा सके। परीक्षार्थियों की जांच पहले केवल हाथ से की जाती थी, लेकिन अब पुलिस के द्वारा मेटल डिटेक्टर का उपयोग कर जांच किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षार्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र (स्वयं की एवं व्यापम कॉपी), फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र एवं नीला अथवा काला बाल पाइंट पेन के अतिरिक्त परीक्षा कक्ष में कुछ भी नहीं लाना है।

### नागाडांड मोड़ पर गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर निवासी आदित्य यादव आ. दिनेश यादव (19 वर्ष) वसुन्धरा बिहार में रहता था। गत दिन दोस्त का जन्मदिन मनाने नितेश सहित अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से मैनपाट गए थे। जन्मदिन मनाने के बाद सभी बाइक से वापस घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार आदित्य यादव व नितेश नागाडांड़ मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को मैनपाट अस्पताल में भर्ती कराया।

## मनरेगा और आवास योजना की केपीआई बिंदुओं पर समीक्षा बैठक

# अकारण गायब 8 रोजगार सहायकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में गुरूवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के क्रियान्वयन की केपीआई आधारित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने की।

सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने सभी ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों और आवास मित्रों से पंचायतवार लक्ष्य और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों से निरंतर संवाद कर उनकी समस्याएं जानना और उन्हें संसाधनों से जोड़ना आवश्यक है, तभी उनके पक्के आवास का सपना समय पर पूरा हो सकेगा। सीईओ ने निर्देशित किया कि 15 सितंबर तक सभी



जिला पंचायत के मंथन कक्ष में बैठक लेते सीईओ।

स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को कहा कि वे प्रत्येक हितग्राही को 90 दिन का रोजगार सुनिश्चित कराएं और मास्टर रोल कम से कम 30 दिन का निकाला जाए। बैठक में 8 ग्राम रोजगार सहायकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में भी कार्य रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ढलाई पूर्ण हो चुके आवासों में प्लास्टर कार्य कराकर योजना में प्रगति लाई जाए। जिओ टैगिंग, किश्त वितरण, राशि अंतरण और निर्माण की गुणवत्ता पर भी गहन समीक्षा की। मनरेगा योजना की समीक्षा में सीईओ ने निर्देशित किया कि वनाधिकार पट्टा धारकों को प्राथमिकता से कार्य दिए जाएं, महिला श्रमिकों को संगम अभियान से जोड़ते हुए आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए, सभी अपूर्ण कार्यों की ऑनलाइन एंट्री और प्रमाण पत्र एक सप्ताह में दर्ज कराना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर दस्तावेजों का संधारण, लेबर बजट की प्रतिलिपि संधारण, जॉब कार्ड अपडेट करने और उसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने मानव दिवस वृद्धि, जनजातीय महिलाओं को रोजगार, और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कार्य बढ़ाने को भी कहा। बैठक में जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सीईओ, एसडीओ (आरईएस), कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक, आवास मित्र तथा रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### खाद-बीज की उपलब्धता, रोपाई की स्थिति की ली जानकारी

# खेतों में पहुंचकर कलेक्टर ने अन्नदाताओं से की बात

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी गुरूवार को प्रातः ग्राम खुटरापारा का दौरा कर खेतों में पहुंचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, धान रोपाई की प्रगति और कृषि योजनाओं के लाभ से जुड़ी जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। खेत में कार्यरत किसान श्रीमती शांति बाई ने बताया कि वे लगभग 5 एकड़ में धान की खेती कर रही हैं और फिलहाल रोपाई कार्य में लगी हुई हैं।

उन्होंने बताया कि इस समय खाद की कोई विशेष समस्या नहीं है, लेकिन अत्यधिक वर्षा के कारण धान बीज को नुकसान अवश्य हुआ है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों को फसल विविधीकरण की ओर प्रेरित करते हुए दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि विभाग की योजनाओं और हितग्राही सामग्री के वितरण में असमानता की शिकायत भी की। कलेक्टर ने कृषि उप संचालक राजेश भारती को तत्काल मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और आवश्यक सामग्री के वितरण की प्रक्रिया को सुधारने के निर्देश दिए, इससे पहले कलेक्टर जामपारा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुंचीं, जहां उन्होंने खाद की उपलब्धता की


खेतों में पहुंचकर चर्चा करती कलेक्टर।


खेती-किसानी करते कृषक।

स्थिति की समीक्षा की। सीधे किसानों से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत हुई। चर्चा के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक को खाद वितरण की नियमित एंट्री करने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि समिति में अब नैनो डीएपी भी उपलब्ध है, जिसका वितरण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि इसके सही उपयोग की जानकारी कृषि कार्यालय या ग्राम सेवक से प्राप्त कर उचित तरीके से प्रयोग करें। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय खोलें, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें।

## पहली बार भरतपुर में हुई टीएल बैठक




**जनकपुर।** जिले की साप्ताहिक समय-सीमा समीक्षा बैठक जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, विनायक शर्मा सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगर निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और पंचायत स्तर पर उत्पन्न समस्याओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शीघ्र पहुंचे। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के लिए गूगल मीट के माध्यम से बैठक करने के लिए एकल होस्ट व्यवस्था ली गई है जिसकी जानकारी कलेक्टर द्वारा दी गई साथ ही सभी विभाग इस गूगल मिट का आईडी लेकर ऑनलाइन बैठक कर सकते है।

## फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 16 जुलाई को जिले के सभी संगठन प्रमुखों एवं समर्थित कर्मचारियों ने छिन्दडांड में एकत्र होकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार रैली निकाली। भोजन अवकाश के समय यह रैली तख्ती-बैनरों एवं नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ी,

- **कलेक्टोरेट तक नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन**

जहां कर्मचारियों ने अपनी जायज मांगों के समर्थन में कलेक्टर प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली की अगुवाई फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एवं संरक्षक शंकर सुवन मिश्रा, ए. पन्ना, जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे, महासचिव विश्वास भगत, प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े सहित अन्य पदाधिकारियों ने की। इनकी प्रमुख मांगों में 21 प्रतिशत महंगाई




भत्ता (डीए) एवं लंबित एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति दूर करना एवं विगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, चार स्तरीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति एवं 300 दिवस अर्जित अवकाश की पात्रता, पूर्ण पेंशन की पात्रता एवं सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, पंचायत सचिव, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगियों का नियमितिकरण, विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा द्वारा दी गई मोदी की गारंटी लागू करना। इस रैली में 25 से अधिक संगठनों के प्रमुख जैसे माधव प्रसाद राजवाड़े, मोतीलाल वर्मा, अजय पाण्डेय, शिव पटेल, जमुना प्रसाद राजवाड़े, अमृत टुण्डे, श्रेयांश जायसवाल, ब्रह्मानंद सिंह, भरत यादव, विजय पाल कंवर, प्रदीप साहू, उमेश कुमार पैकरा, रवि पाण्डेय, कमलेश नाविक, महेन्द्र राजवाड़े, प्रेमचंद गुप्ता सहित काफी संख्या में कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए। फेडरेशन ने चेताया कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## सलका में पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के तत्वाधान में पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड जांच एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन 14 से 18 जुलाई तक किया जा रहा है। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है।

यह आयोजन जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार किया जा रहा है। शिविर में जिले के 4 विद्यालयों से 7 स्काउट्स व 14 गाइड्स राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास के लिए तथा 14 विद्यालयों से 42 स्काउट्स, 67 गाइड्स और 5 प्रभारी स्काउटर-गाइडर तृतीय सोपान जांच के लिए सम्मिलित हुए हैं। ध्वजारोहण के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शिविर नियम, दैनिक कार्यक्रम और टोली विभाजन कराया गया। शिविर में प्रतिभागियों को राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्यपाल के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र और बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में मिलेंगे। तृतीय सोपान शिविर में स्काउट्स-गाइड्स को बीपी सिक्स, योग, सूर्य नमस्कार, स्काउटिंग आंदोलन, ध्वज फहराने की विधि, गांठें, टेंट, मचान निर्माण, प्राथमिक उपचार, हाइकिंग, बिना बर्तन भोजन बनाना, कंपास एवं दिशा ज्ञान सहित स्काउटिंग की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा का आगमन हुआ। शिविर का संचालन जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडेय, प्रशिक्षण आयुक्त सुनील बड़ा, श्याम कुमार आंडिल, शिव प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद बैगा, अनिल कुमार, निशा खान, विजय कुजूर, जानकी ध्रुव, शकुंतला लकड़ा, आशा एक्का, भानुप्रिया भास्कर आदि द्वारा किया जा रहा है।

## मंच से नाम नहीं लेने पर भड़के लघु वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष

**राजपुर।** तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में उस वक्त हडकंप मच गया जब मंच पर सम्मान नहीं मिलने से लघु वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष भड़क उठे। वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष मंच से नाम नहीं लिए जाने से नाराज हो गये और कार्यक्रम छोड़कर जाने लगे।

इस दौरान डीएफओ ने मान मनौवल कर किसी तरह मामला शांत कराया जिसके बाद कार्यक्रम आगे बढ़ पाया। बता दें कि मंगलवार को बलरामपुर जिला मुख्यालय के आडिटोरियम में जिला स्तरीय चरण पादुका कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के महिला सदस्यों को चरणपादुका वितरित की जानी थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरगुजा के सांसद चिंतामणि महराज सहित विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित कई बड़े भाजपा के पदाधिकारियों व वन विभाग के डीएफओ सहित एसडीओ रेंजर एवं तमाम बड़े नेता तथा जिले के अधिकारी उपस्थित थे। इसी कार्यक्रम में लघु वनोपज सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष लालसाय मिंज को भी विशिष्ट अतिथि बतौर मौजूद थे। जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई मंच संचालन कर रहे पुष्कर बरवा ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों को माइक से मंच पर विराजमान के लिए संबोधित किया परंतु लालसाय मिंज का नाम नहीं लिया जिससे लालसाय मिंज भड़क गए और अपने आप को अपमानित महसूस करते हुए वहां से जाने लगे।

## पूजा में दिखा अलौकिक चमत्कार

**बिजुरी।** मंगलवार की शाम बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 1 में एक अद्भुत और आस्था से भरपूर दृश्य देखने को मिला, जिसने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आश्चर्य और भक्ति के भाव से सराबोर कर दिया। एक आवास पर चल रही शिव आरती के दौरान एक ऐसा चमत्कार हुआ, जिसे देखकर उपस्थित जन समुदाय अभिभूत हो उठा। जानकारी के अनुसार भगवान शिव, माता गौरी और नंदी महाराज को श्रद्धा भाव से अर्पित किया जा रहा दूध और गंगाजल जैसे ही उनके मुख और चरणों से लगाया गया, वह धीरे-धीरे अपने आप समाप्त होने लगा मानो देवता स्वयं उसे स्वीकार कर रहे हों। इस अलौकिक घटना की खबर जैसे ही वार्ड में फैली देखते ही देखते दर्जनों लोग पत्रकार के निवास पर पहुंच गए।

## जहरीले जंतु के काटने से छात्रावास के तीसरी के छात्र की हुई मौत

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर के दूरस्थ ग्राम झारा में स्थित बालक छात्रावास में मंगलवार की शाम जहरीला जंतु द्वारा कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले छात्र को काट लिया। इधर छात्र को सनावल अस्पताल ले जाने में काफी देर हो गई जिससे छात्र की अस्पताल ले जाते समय रास्ते मौत हो गई। घटना से परिजन में काफी आक्रोश है। इधर घटना के बाद छात्रावास अधीक्षक एवं मंडल संयोजक को तत्काल पद हटा दिया गया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जांच करने पहुंचे। जानकारी के अनुसार बालक छात्रावास झारा में शाम 5 बजे के करीब कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले छात्र विजय कुमार सिंह आ. हीरालाल सिंह को जहरीला जंतु ने पैर में काट लिया। जिसके काफी देर बाद उसे सनावल अस्पताल ले जाया जा रहा था जिससे रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान



छात्रावास अधीक्षक नहीं थे। विजय ग्राम पचवाल का रहने वाला था। परिजन को घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल सनावल अस्पताल पहुंचे जहां वे अपने मृत बच्चे को देखकर हतप्रभ रह गय। घटना के पश्चात छात्रावास अधीक्षक एवं मंडल संयोजक दोनों को पद से हटा दिया गया है।

इस संबंध में सहायक आयुक्त समीक्षा जायसवाल ने बताया कि घटना के बाद छात्रावास अधीक्षक को हटा दिया गया है वही निलंबन के लिए जेडी को पत्र लिखा गया है। घटना के बाद मंडल संयोजक को भी पद से हटा दिया गया है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर आज तक

बलरामपुर। जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 16 से 18 जुलाई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, तहसील कार्यालय शंकरगढ़, तहसील कार्यालय रामानुजगंज, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर एवं एसआर परिवहन सुविधा केन्द्र राजपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय बैकुंठपुर कोरिया छ.ग.
वास्ते पेश करने-श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय बैकुंठपुर के समक्ष
**शपथ पत्र**

मै पिन्टू कुमार शासमल आ. नीरा शासमल आयु 35 वर्ष जाति बेलमा निवास नेपाल गेट शिवपुर चरचा तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूँ, जो निम्नांकित कथन करता हूँ:-

1- यह कि मेरा आधार कार्ड बना है जिसका आधार नंबर 811341866159 है। 2- यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गौतम शासमल दर्ज हो गया है जो कि घरेलू नाम है मेरा वास्तविक नाम पिन्टू कुमार शासमल है। सही नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। 3- यह कि मै उक्त हुई त्रुटि को सुधार कराना चाहता हूँ जिस हेतु श्रीमान से याचना करता हूँ।

हस्ता.शपथकर्ता

::: सत्यापन::

मै पिन्टू कुमार शासमल सत्यापन करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्र 01 से लगायत 3 तक के कथन सत्य व सही है। आज दिनांक 16.07.2025 को बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

हस्ता. शपथकर्ता

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोटाडोल में सर्वाधिक...

तक जिले में कुल औसत 462.7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है। तहसीलवार वर्षा की बात करें तो कोटाडोल ने अब तक सर्वाधिक 622.1 मिमी वर्षा के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। भरतपुर तहसील में 576.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो दूसरे स्थान पर रही। वहीं चिरमिरी में 426.2 मिमी, खड़गवां में 397.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़ में 369.2 मिमी तथा केल्हारी में 385.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### डबल लाइन परियोजना...

जा चुका था, बावजूद इसके उन्होंने जगह खाली नहीं की। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों और प्रशासन के बीच नोक-झोंक की स्थिति भी बनी, लेकिन पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार डबल लाइन परियोजना के तहत रेलवे के सकुर्लेटिंग एरिया का विस्तार, यात्री सुविधाओं का उन्नयन और स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इन कार्यों की गति बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी था।

### औचक निरीक्षण में कसरा और कंचनपुर पहुंची कलेक्टर

# कलेक्टर ने बच्चों को समझाया गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी गुरूवार को अचानक निरीक्षण पर शासकीय प्राथमिक शाला कसरा एवं कंचनपुर पहुंचीं। उन्होंने स्कूल पहुंचते ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्कूल संचालन और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

कलेक्टर जब कक्षा में पहुंचीं तो बच्चों ने सामूहिक रूप से गुड मॉर्निंग कहकर उनका स्वागत किया। कक्षा तीसरी की छात्रा राधिका ने जब अंग्रेजी के ए से जेड तक के अल्फाबेट सुनाए, तो कलेक्टर ने वेरी गुड कहकर उसकी हौसला अफजाई की। वहीं छात्राओं मिनाक्षी और दिव्या ने कविता और पहाड़ा सुनाकर



सबका मन मोह लिया। कलेक्टर ने ब्लैक बोर्ड में गणित के सवालों को शिक्षिका की तरह सरल भाषा में समझाया, जिससे बच्चे सहज रूप से सीख सकें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे समय पर स्कूल खोलें, नियमित कक्षाएं लें और बच्चों को पूर्ण जिम्मेदारी और लगन से पढ़ाएं। कलेक्टर ने सभी बच्चों को खूब मेहनत, लगन के साथ पढ़ने की बात कही, रोजाना इमला लिखने और बोल बोलकर पढ़ने की बात कही, वहीं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बच्चों से कहा कि जिस तरह पढ़ाई जरूरी है, उसी तरह खेल भी जरूरी है। तथा समय पर भरपेट भोजन भी करें और सुबह जल्दी उठने की आदत भी डालें। कलेक्टर ने श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक होना केवल एक पद नहीं, बल्कि यह भविष्य को आकार देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को समय पर गर्म और संतुलित भोजन दिया जाए तथा उनके पालकों से सतत संपर्क में रहकर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रसोई कक्ष (किचन) का भी निरीक्षण किया और रसोइया से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोयाबीन के साथ-साथ गाढ़ी दाल भी दी जाए, ताकि बच्चों को प्रोटीनयुक्त पोषण मिले। उन्होंने रसोई को साफ-सुथरा रखने पर विशेष जोर दिया।

